तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 11 सितंबर 2025

11 अयोध्याधाम व काशी विश्वनाथ दर्शन के लिए जिले से 94 श्रद्धालुओं का दल रवाना



12 ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में 300 से अधिक शिक्षक हुए सम्मानित





बेचना है

कार टाटा विस्टा बेचना है मॉडल 2013 एकदम जोरदार कंडीशन में रेट Fix - 1 लाख 25 हजार

मो नं. 7987124123

## सड़क किनारे मिला नवजात, ग्रामीणों व पुलिस की तत्परता से बची जान

**नवापारा-भेण्डरी।** करेली बड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत भेंण्डरी गांव में सोमवार सुबह 7 बजे एक घटना सामने आई। बड़ी करेली चौकी के भेंण्डरी करेली मार्ग मुख्य नहर भोला साहू के खेत के पास पर ग्रामीण कृषक महिला चुनेश्वरी साहू और खोमेश्वरी साहू, सुबह 7 बजे अपने खेत की ओर जा रहे थे, तभी सड़क किनारे नहर पर रखे लाल रंग के धमेले से नवजात शिशु के रोने की आवाज सुनाई दी।

ग्रामीणों ने धमेले को खोला तो उसमें एक नवजात बच्चा पड़ा हुआ मिला। तत्काल इस बात की जानकारी ग्राम के पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन को दी। पूर्व सरपंच ने चौकी प्रभारी राधेश्याम बंजारे को जानकारी दी। पुलिस द्वारा ग्राम मितानिन और पूर्व करेली उप स्वास्थ्य केंद्र शिशु चेकअप के लिए ले जाया गया जहां बच्ची पूर्ण तरह से स्वस्थ और वजन ,1 किलो 500 ग्राम था।

### करेली बड़ी पुलिस ने त्वरित उपचार के लिए शिशु को पहुंचाया अस्पताल-शिशु की हालत पूरी तरह स्थिर





### पुलिस की अपील

करेली बड़ी पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि ऐसी किसी भी परिस्थिति में तुरंत पुलिस और प्रशासन को सूचित करें। शिशु और महिलाओं से जुड़े अपराधों पर समाज को संवेदनशील बने रहना चाहिए। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सभी को मिलकर जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। ग्रामीणों की सतर्कता और करेली बड़ी चौकी की त्वरित कार्यवाही से इस नवजात शिशु की जान बचाई जा सकी।

### करेली बड़ी पुलिस की तत्परता और मानवीय पहल

घटना की सूचना मिलते ही पेट्रोलिंग पर निकली करेली बड़ी चौकी प्रभारी तुरंत मौके पर पहुँचे। उन्होंने प्राथमिकता देते हुए गाँव की मितानिन को बुलाया। मितानिन ने मौके पर पहुँचकर शिशु की स्थिति की जांच की। तत्पश्चात पुलिस और मितानिन की मदद से बच्चे को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड पहुँचाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद नवजात को बेहतर देखभाल हेतु जिला अस्पताल धमतरी के एसएनसीयू में रेफर किया। नवजात की स्थिति अस्पताल प्रशासन के अनुसार शिशु की स्थिति अभी पूरी तरह स्थिर है। वह स्वस्थ है और चिकित्सकों की एक विशेष टीम उसकी लगातार देखरेख कर रही है।

## खबर संक्षेप

### जवाहर नवोदय चयन व राष्ट्रीय साधन प्रावीण्य अभ्यास परीक्षा आज और कल

**गरियाबंद।** जिले में शिक्षा गुणवत्ता सुधार हेतु गौरव गरियाबंद अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत कलेक्टर भगवान सिंह उइके एवं जिला पंचायत सीईओ प्रखर चन्द्राकर द्वारा गुणवत्ता सुधार हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी,जिला मिशन समन्वयक,जिला नोडल अधिकारी गौरव गरियाबंद अभियान के अंतर्गत जिले में 11 एवं 12 सितंबर को कक्षा 5वीं के बच्चों का जवाहर नवोदय विद्यालय अभ्यास परीक्षा एवं 8वीं के बच्चों का राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य अभ्यास परीक्षा कराया जाना है। इसके लिए ओ.एम.आर. शीट तथा जेएनवी एवं एनएमएमएसई का प्रश्न पत्र संकुल शैक्षिक समन्वयकों के माध्यम से सभी विद्यालयों में वितरण किया गया है।

**अधिकारियों की जवाबदारी की गई तय** - कलेक्टर श्री उइके ने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है, ताकि विद्यार्थियों को किसी पर प्रकार की कोई असुविधा न हो। इसके अंतर्गत ओएमआर शीट एवं प्रश्न पत्र के साथ प्रत्येक विकासखंड में चिन्हांकित 100 मेधावी बच्चों के साथ तथा ओ एम आर शीट एवं प्रश्न पत्र के साथ प्रत्येक विकासखंड में चिन्हांकित 500 मेधावी बच्चों के साथ अभ्यास परीक्षा सम्पन्न करेंगे।

### तीन सबमर्सिबल पंप चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**छुरा।** प्रार्थी लच्छन दीवान पिता स्व० बिसाहू राम दीवान उम्र 50 वर्ष, निवासी सिवनी ने थाना रिपोर्ट दर्ज कराया दिनाक आज रात्रि करीबन 01.00 को ग्राम कांटाखुसरी निवासी भोजलाल नायक उसके खातु कचरा वाले कमरा के ताला को तोडकर कमरा अंदर घुसकर वहां रखे 03 एचपी सबमर्शियल पंप को चोरी कर ले गया था उसी समय प्रार्थी को लघु शंका आने पर बाहर निकला तो देखा भोजलाल नायक उसके खातु कमरा के पास खड़ा था जो प्रार्थी लच्छन को देखकर वहां से भाग गया तब प्रार्थी ने अपने दामाद व पडोसी को उठाकर कमरा के पास जाकर देखा भोजलाल नायक कमरा में लगे ताला को तोडकर अंदर रखे सबमर्शिबल पंप को चोरी कर ले गया है।

रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया हैं। जिसकी विवेचना हेतु पुलिस अधीक्षक गरियाबंद के दिशा-निर्देशन में तथा श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी के मार्गदर्शन में थाना छुरा पुलिस के द्वारा भोजलाल नायक के घर जाकर भोजलाल से पुछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया और घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल एवं लोहे के सरिया एवं एक नग राड व चोरी किया हुआ सवमर्शियल पंप को बरामद कराने पर बरामद कर जप्ती किया गया हैं अपराध घटित करने का साक्ष्य पाये जाने पर आरोपी भोजलाल नायक पिता भरत राम नायक उम्र 21 वर्ष साकिन बांधपारा काटांखुसरी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### छात्रावास, पीडीएस दुकान एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर खाद्यान्न उपलब्धता का लिया जायजा

## छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद।

छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने गरियाबंद में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली और राजिम, जेंजरा के पीडीएस दुकानों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर खाद्यान्न उपलब्धता और वितरण की व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर में छात्रों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता पर भी संतुष्टि जताई।

संदीप शर्मा ने प्राथमिक शाला पाण्डुका में बच्चों के साथ प्रार्थना में हिस्सा लेकर मध्यान्ह भोजन ग्रहण किया और भोजन व्यवस्था की तारीफ की। बैठक में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम, पूरक पोषण आहार योजना, मध्यान्ह भोजन योजना एवं आश्रम-छात्रावास में बी.पी.एल. दर पर खाद्यान्न वितरण की समीक्षा की गई। उन्होंने वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के क्रियान्वयन, शिकायत निवारण प्रणाली, खाद्यान्न सैम्पल प्रदर्शन, राशन दुकानों की नियमित जांच और फोर्टीफाईड चावल वितरण की स्थिति का भी विस्तार से अवलोकन किया। राजिम और जेंजरा के आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करते हुए बच्चों से संवाद कर आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई तथा नियम अनुसार रिकार्ड संधारण करने के निर्देश दिए गए। शासकीय उचित मूल्य दुकान जय मां गायत्री स्व सहायता समूह जेंजरा की भी जांच की गई और दुकान संचालकों को नियमित संचालन व खाद्यान्न के उचित रखरखाव के निर्देश दिए गए। बैठक में आयोग सदस्य, जिला पंचायत सीईओ, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग सहित कई जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



### खाद्य आयोग की समीक्षा बैठक

संदीप शर्मा की अध्यक्षता में खाद्य आयोग ने खाद्यान्न वितरण, शिकायत निवारण, फोर्टीफाईड चावल वितरण और वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के क्रियान्वयन की कड़ी समीक्षा की। सभी हितग्राहियों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

### पीडीएस और आंगनबाड़ी निरीक्षण

राजिम एवं जेंजरा के पीडीएस दुकानों और आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर बच्चों के लिए भोजन की गुणवत्ता और खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बच्चों से संवाद कर सुविधाओं पर संतुष्टि प्राप्त की गई।





### शहर के मार्ग, चौक-चौराहों, गली कूचे में मवेशियों का जमावड़ा

**नवापारा-राजिम।** नगर के हर सड़क, गली एवं चौक-चौराहों में मवेशियों का जमावड़ा है। बीच रास्तों में बेखौफ बैठे मवेशियों से राहगीरों को परेशानी एवं दुर्घटना का कारण बन रहे है। शहर के मुख्य सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 सी में चौबीसो घंटे गाय एवं बैल का बैठे रहने से ट्रैफिक व्यवस्था अवरुद्ध हो रही है। आए दिन मवेशियों के कारण छोटी बड़ी घटनाओं से दुपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नवापारा नगर के बस स्टैंड से मैडम चौक मवेशियों का सबसे बड़ा हॉट स्पॉट है। जहां पशुओं के कारण रोज कई छोटी बड़ी दुर्घटना आम बात है। नवापारा शहर के गंज रोड, सब्जी मंडी मार्ग, सदर रोड, सोमवारी बाजार, तर्री रोड समेत हर चौक-चौराहों में मवेशियों का झुंड देखा जा सकता है। शहर के भीतर रिहायशी इलाकों में बैल के आपस को लड़ाई में आम लोग घायल हो रहे है। दुपहिया एवं चारपहिया वाहनों को क्षतिग्रस्त कर रहे है। मवेशियों के स्थाई स्थल न होने एवं मवेशी मालिक द्वारा गाय ,बैलों को खुला शहर में छोड़ देने के आवारा पशुओं की समस्या से आम लोगों को जूझना पड़ रहा है। चूंकि मवेशियों से फसल की सुरक्षा के लिए खेतों की निगरानी में लोग तैनात है। इसलिए मवेशी शहर में यहां वहां घूम रहे है।

### सरकारी आंकड़े व वास्तविक संख्या में विरोधाभास

पशु चिकित्सालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 2021-22 सर्वे में नवापारा नगर एवं आसपास के 21 गांव में कुल मवेशियों की संख्या 14490 है। किंतु सरकारी आंकड़े एवं वास्तविक संख्या में विरोधाभास दिखाई पड़ता है। अकेले नवापारा नगर में सड़कों पर मवेशियों को संख्या बहुत ज्यादा है।

## धान चोरी के आरोप में समिति प्रबंधक गिरफ्तार

### झाखरपारा उपार्जन केन्द्र से 32.95 लाख रुपये मूल्य का 1063.20 क्विंटल धान गायब

**गरियाबंद/मैनपुर।** गरियाबंद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति झाखरपारा के धान उपार्जन केन्द्र से लाखों रुपये मूल्य के धान गबन के आरोपी समिति प्रबंधक चंदनसिंह राजपूत को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर शासन को आर्थिक क्षति पहुँचाने का आरोप है।

9 सितम्बर को प्राधिकृत अधिकारी पदुलोचन जगत द्वारा थाना देवभोग में लिखित शिकायत दी गई। शिकायत में बताया गया कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के दौरान समिति प्रबंधक चंदनसिंह राजपूत ने कुल 1063.20 क्विंटल धान, जिसकी अनुमानित कीमत 32,95,920 रुपये, का गबन कर लिया। ऑनलाइन रिपोर्ट में शेष 2708.56



क्विंटल धान दर्शाया गया था, जबकि भौतिक सत्यापन में 1363.20 क्विंटल धान कम पाया गया।

**गिरफ्तार आरोपी:** चंदनसिंह राजपूत, पिता बनोराम राजपूत, उम्र 38 वर्ष, निवासी तेतलखुटी, थाना देवभोग, जिला गरियाबंद (छत्तीसगढ़)। प्रभारी समिति प्रबंधक (दैनिक वेतनभोगी), धान उपार्जन केन्द्र झाखरपारा, जिला गरियाबंद।

### पूछताछ में स्वीकारा अपराध

पूछताछ में आरोपी ने कमी स्वीकार की और केवल 300 क्विंटल धान की भरपाई की। शेष 1063.20 क्विंटल धान का मूल्य लगभग 32 लाख 95 हजार रुपये अब तक जमा नहीं किया गया। सहायक आयुक्त सहकारिता गरियाबंद तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नोडल कार्यालय द्वारा आरोपी के खिलाफ आवेदन प्रस्तुत कर कार्रवाई की सिफारिश की गई। थाना देवभोग में अपराध क्रमांक 251/25, धारा 318(2) और 316(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। आरोपी चंदनसिंह राजपूत, पिता बनोराम राजपूत (उम्र 38 वर्ष), निवासी तेतलखुटी, थाना देवभोग को गवाहों के समक्ष गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### युवक ने गौठान में लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

10 सितंबर को संध्या 4 बजे ग्राम सरगोड़ मे 45 वर्शीय युवक ने ग्राम के गौठान मे जाकर अपने ही गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फांसी लगाने की जानकारी गौठान मे क्रिकेट खेलने वाले बच्चों से ग्रामीणों का पता चला फिर उनके परिजनों का पता लगा।

ग्रामीणों की सहमति के चलते परिजनों ने फिंगेश्वर थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर घटनास्थल पहुंचकर शव का पंचनामा तैयार कर पोष्टमार्टम के लिए उसे चीरघर पहुंचाया। शाम हो जाने के कारण उसका पीएम आज 11 सितंबर को होगा। मृतक का नाम राजाराम विश्वकर्मा ग्राम सरगोड़ निवासी है। उनकी चार संताने हैं। इस घटना को लेकर ग्राम मे शोक की लहर है। ग्राम के सरपंच चुम्मनलाल सिन्हा ने इस दुखद घटना को लेकर शोक प्रकट किया है।

## 9 किलो गांजा बरामद आरोपी मां-बेटा गिरफ्तार



हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

थाना फिंगेश्वर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 8.916 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ मां-बेटे को गिरफ्तार किया है। आरोपी भागने की कोशिश में पुलिस पर चाकू लहराकर हमला करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन टीम ने साहस दिखाते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

- फिंगेश्वर पुलिस की घेराबंदी में चाकू लहराकर भागने की कर रहे थे कोशिश
- दो मोबाइल, मोटरसाइकिल व 89 हजार का गांजा बरामद, नारकोटिक और आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई

पुलिस को 9 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक महिला को बाइक में बैठाकर महासमुंद से फिंगेश्वर की ओर गांजा लेकर आ रहा है। थाना प्रभारी की टीम ने ग्राम बासीन के पास घेराबंदी (एमसीपी) की। सूचना के मुताबिक एक काली पल्सर बाइक जैसे ही बासीन मंदिर के पास पहुंची, पुलिस ने रोकने का प्रयास किया लेकिन आरोपियों ने वाहन तेजी से भगाने की कोशिश की। पीछा कर उन्हें पकड़ लिया गया।

आरोपियों की पहचान शेख इमरान (23) और उसकी मां अकीला बेगम (50), निवासी रामनगर, राजनांदगांव के रूप में हुई। तलाशी में दो प्लास्टिक बोरियों से कुल 8.916 किलोग्राम गांजा, धारदार चाकू, मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। आरोपियों के पास गांजा रखने का कोई वैध दस्तावेज नहीं था। पुलिस ने धारा 20(ख) नारकोटिक एक्ट और 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया।

### बरामद सामग्री

दो सफेद प्लास्टिक की बोरियों से 8 किलो 916 ग्राम गांजा जिसकी अनुमानित कीमत 89,000 रुपए आंकी गई है, बरामद की गई। साथ ही एक बजाज पल्सर बाइक, दो मोबाइल फोन और एक लोहे का धारदार चाकू भी जब्त किया गया।

### मुखबिर तंत्र से मिली सफलता

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर जिलेभर में गांजा, शराब व नशीली दवाओं के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई संभव हो पाई।

### 24वें दिन आंदोलन के बीच भाजपा कार्यालय तक निकाली रैली

## सवाल रैली के जरिए एनएचएम कर्मियों का हल्ला बोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के आह्वान पर गरियाबंद जिले के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपने अनिश्चितकालीन आंदोलन के 24वें दिन 'सवाल रैली' निकालते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष कार्यालय का घेराव किया। आंदोलनरत कर्मियों ने सरकार और प्रशासन पर वादा खिलाफी और उपेक्षा का आरोप लगाते हुए 27% वेतनवृद्धि, नियमितीकरण और ग्रेड पे जैसी प्रमुख मांगों को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। रैली भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर की अनुपस्थिति में जिला महामंत्री आशीष शर्मा को ज्ञापन सौंपने के साथ समाप्त हुई। ज्ञापन में बताया गया कि वर्षों से सेवाएं देने के बाद भी संविदा कर्मियों को ना तो स्थायीत्व मिला है और ना ही वेतनमान में सुधार।

- मांगे पूरी नहीं होने पर कर्मचारियों ने दी आर-पार की चेतावनी



जिला अध्यक्ष शेखर ध्रुवे, ब्लॉक संरक्षक सौरभ बरमानी, ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पा कुर्रे सहित कई प्रतिनिधियों ने कहा कि जब अन्य विभागों में संविदा कर्मचारियों को राहत दी गई है, तो एनएचएम कर्मचारियों को लगातार नजरअंदाज करना दमनकारी नीति है। प्रांतीय प्रतिनिधि भूपेश साहू ने कहा कि "छत्तीसगढ़ को बनाने वालों की स्थिति इतनी खराब है कि 22 साल सेवा देने के बाद भी उन्हें बैंक से पर्सनल लोन तक नहीं मिलता।" महिला प्रतिनिधि पारुल सिन्हा और प्रीति ध्रुव ने दो टूक कहा कि अब पीछे हटने का सवाल ही नहीं, जब तक मांगे पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

### आंदोलन की प्रमुख मांगें

एनएचएम कर्मियों ने 27% वेतनवृद्धि, स्थायी नियुक्ति, ग्रेड पे निर्धारण, सेवा सुरक्षा और सामाजिक लाभ की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से यह वादे अधूरे हैं और स्पष्ट आदेश जारी न होने से नुकसान हो रहा है।

### सरकार से नाराजगी का भाव

कर्मियों ने कहा कि राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूरे हो चुके हैं, लेकिन उन्हें अब तक सम्मानजनक पहचान और अधिकार नहीं मिल सके। आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया कि हर बार सिर्फ आश्वासन देकर सरकारों ने उन्हें छलने का काम किया है।

**खबर संक्षेप**

## जनजातिय परिवारों को 25 योजनाओं का लाभ दिलाने मैनपुर में प्रशिक्षण



**मैनपुर।** सामुदायिक भवन में जनजातिय विकास और परिवर्तन के लिए व्यक्तियों और संस्थानों को सशक्त बनाने के लिए आदि कर्मयोगी अभियान के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। अभियान के तहत अनुसूचित जनजातियो के विकास एवं कल्याण से जुड़ी प्रमुख योजनाओं की संतृप्ति सुनिश्चित करना है। यह अभियान आदिवासी क्षेत्रों में अंतिम छोर तक सेवाओं की पहुंच बनाने के लिए है। अभियान के तहत जनजातिय परिवारों को 25 योजनाओं का लाभ दिलाने पहल होगी। ग्राम स्तर पर कैडर स्थापित होंगे आदि सेवा केन्द्र। प्रशिक्षण में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मैनपुर तुलसीदास मरकाम, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोहना नेताम, जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती नंद कुमारी राजपूत, जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल, गरियाबंद उपवन मंडल अधिकारी वन मनोज चंद्राकर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मैनपुर नोडल अधिकारी सुश्री श्वेता वर्मा, डी एस नागवंशी मास्टर ट्रेनर, चंद्र किशोर बघेल, श्रीमती लीलावती सेन एवं विभागीय अधिकारी स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर गजेन्द्र ध्रुव, जनपद पंचायत मैनपुर से दिनेश कुमार शांडिल्य, राजकुमार धुर्वा, सरपंच संघ अध्यक्ष हलमन ध्रुवा, मैनपुर सरपंच हनीता नायक, पार्वती नागेश, प्रदीप सिन्हा, संतोश पटेल, गज्जु नेगी, मालती कोर्राम, पुष्पा नेगी, हेमोबाई नागेश, मुकेश कपिल, चैतराम यादव एवं समस्त सरपंच सचिव रोजगार सहायक जनपद पंचायत में उपस्थित थे।

## राजीव लोचन कॉलेज में मनी रजत जयंती



**राजिम।** रजत जयंती के अवसर में राजीव लोचन कालेज में मुख्य वक्ता के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव के साथ जनभागीदारी के समित के अध्यक्ष सुश्री छाया राही ,शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देवकी साहू ,सभापति भारत यादव,आकाश सिंह राजपूत ,भाजपा नेत्री मधु नत्थानी शामिल हुए।

## गुम हुए 200 मोबाइल उनके मालिकों को सौंपे

**महासमुंद।** गुम अथवा चोरी हुए 200 मोबाइल का वितरण बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम में उनके मालिकों को किया गया। जिले में 1 मार्च 2023 से लेकर अब तक कुल 1752 मोबाइल गुम की शिकायत दर्ज कराई गई। जिसमें अब तक जिले की साइबर टीम ने 996 गुम मोबाइल बरामद किया है। पुलिस ने एक साल पूर्व 272 मोबाइल का वितरण किया और बुधवार को हमर पुलिस हमर संग कार्यक्रम अंतर्गत एएसपी प्रतिभा पांडे ने 30 लाख कीमत के 200 मोबाइल का वितण कंट्रोल रूम में किया। उन्होंने बताया कि साइबर सेल की टीम गुम मोबाइल की लगातार तलाश कर रही थी। इस दौरान शिकायत के आधार पर मोबाइल को स्कैन किया गया तो कुछ लोग ऐसे थे जिन्होने बताया कि उन्हे मोबाइल गिरा या पड़ा हुआ मिला। ऐसे लोगों को चिन्हांकित किया गया जो भूलवश मोबाइल पास रखे थे। उनसे मोबाइल प्राप्त कर उसका वितरण किया जा रहा है। बरामद हुए कुल 996 मोबाइल में से 472 मोबाइल गत वर्ष और अभी वितरण किया गया और शेष 524 जिले के विभिन्न थानों से वितरित किया गया है।चेहरे पर खिली मुस्कान बेलसोंडा निवासी रवींद्र धीवर ने बताया कि मेरा मोबाइल 4 दिसंबर 2022 को बेमचा में काम करने के दौरान गुम हो गया था। जिसकी शिकायत पोर्टल में दर्ज कराई थी तीन साल बाद यह आज मिला है, खुश हूं। इसी तरह सुभाष नगर निवासी सुष्मिता पटनायक ने बताया कि तीन साल पहले मोबाइल गुमा था।

# 43 हजार सफाई कर्मचारी वादाखिलाफी से आहत, 16 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल

**छुईहा बेलर।** छुईहा बेलर क्षेत्र के 43,301 अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी 16 जुलाई से अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। शासन-प्रशासन के आश्वासनों के बावजूद आदेश न आने से कर्मचारी गुस्से में हैं और पिछले कुछ समय में हाईवे पर चक्का जाम तक किया है। वे अपने भविष्य को लेकर गहरा निराश और ठगा महसूस कर रहे हैं।

अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ फिगेंश्वर के सचिव चेतन सिन्हा कुण्डेल ने बताया कि 31 जुलाई को कर्मचारी हाईवे पर चक्का जाम करने पर मजबूर हुए। मंत्रालय में हुई बैठक में कर्मचारियों को कोई नौकरी से निकाले न जाने, नियुक्ति पत्र देने, 12 माह का वेतन देने और हड़ताल अवधि को शून्य घोषित करने का आश्वासन मिला था। हालांकि, 9 सितंबर तक संबंधित आदेश जारी नहीं हो पाए हैं, जिससे कर्मचारियों की नाराज़गी बढ़ रही है। संघ पदाधिकारियों का आरोप है कि शिक्षा सचिव बातचीत से कतराते हैं और आदेश देने में देरी कर रहे हैं।

कर्मचारियों का कहना है कि 2 घंटे की सफाई का काम करने के बाद पूरा दिन बेरोजगार रहना उनके लिए मुश्किल है। वे दावा करते हैं कि 100 रुपये में जीवन यापन संभव नहीं है। जिला सचिव चेतन सिन्हा ने कहा कि सरकार के बड़े नेताओं द्वारा मंच से किए गए वादे अब केवल धोखा साबित हो रहे हैं। कर्मचारी आगामी चुनावों में इसका खामियाजा सरकार को भुगतने का संकल्प ले चुके हैं। जिला शिक्षा अधिकारी का कहना है कि सफाई के बाद अन्य काम करने के निर्देश दिए जाते हैं, लेकिन वेतन इतना कम है कि रोजाना गुजारा मुश्किल है।

**100 रुपये की रोजी में गुजारा असंभव, मोदी गारंटी को कर्मचारी कर रहे फेल**



### बैठक में बनी सहमति

किसी भी कर्मचारी को नौकरी से निकाला नहीं जाएगा। सभी कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। 12 महीने का मानदेय वेतन के रूप में दिया जाएगा। 10,463 कर्मचारी युक्तियुक्तकरण में काम पर बने रहेंगे। हड़ताल की अवधि को शून्य माना जाएगा।

## शिक्षकों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी मैनपुर की कार्यप्रणाली पर जताया असंतोष

# मैनपुर के शिक्षकों में बीईओ के खिलाफ आक्रोश, वेतन रोकने की कार्रवाई का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



विकासखंड शिक्षा अधिकारी मैनपुर के अधीनस्थ शिक्षकों का अपने ही अधिकारी के उपर गुस्सा फोड़ा। बी.ई.ओ. के कार्यप्रणाली से शिक्षकों में भारी असन्तोष के चलते उनके प्रतिनिधियों ने व्याप्त समस्या का बिन्दुवार चर्चा किया गया। चर्चा के दौरान विकास खंड शिक्षा अधिकारी मैनपुर महेश पटेल भविष्य में अपने कार्यप्रणाली को सुधारने की बात कहते नजर आए।

- वेतन अवरुद्ध न करने का किया जोरदार आग्रह, पुनरावृत्ति पर चेताया उग्र आंदोलन

शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल ने साफ कहा है कि, भविष्य में छोटे छोटे मामले में शिक्षको का वेतन न रोका जाए, यदि इसकी पुनरावृत्ति होती है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि, शिक्षकों के लंबित सभी कार्य को शीघ्र किया जाए। वेतन अवरुद्ध कर वसूली प्रथा को बंद किया जाए। चर्चा के दरम्यान प्रतिनिधि मंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी से भी दूरभाष के माध्यम से चर्चा करते हुए भविष्य में बिना किसी पूर्व सूचना के वेतन नही रोके जाने की बात कही गई। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से यशवंत बघेल, गोविंद पटेल,पारेश्वर पटेल,शेख इमामुद्दीन, प्रदीप सिन्हा,मो.एजाज, लोभान देवदास, राजेश साहू, संजय सिन्हा, मुकुंद साहू, प्रदीप निषाद,टीकम पटेल आदि उपस्थित थे।

## एलबी शिक्षकों ने लंबित मांगों का सौंपा 10 सूत्रीय ज्ञापन

**फिंगेश्वर।** एलबी संवर्ग के शिक्षकों की वर्षों से लंबित मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को दुर्ग सर्किट हाउस में 10 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। शिक्षा मंत्री ने मांगों पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।



पूर्व सेवा की गणना करते हुए पुरानी पेंशन लागू करना, 20 वर्षों में पूर्ण पेंशन, डबल बेंच के आदेशानुसार क्रमोन्नति पर जनरल आर्डर, ई संवर्ग के प्राचार्य की पदोन्नति, 28 हजार रिक्त पदों पर प्रमोशन, टेट से छूट, और सीजीपीएफ से आंशिक निकासी की सुविधा शामिल थीं। शिक्षकों ने बताया कि वर्तमान में एलबी संवर्ग के शिक्षकों को 2018 से सेवा गणना के कारण पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा। उन्होंने पहली नियुक्ति तिथि से सेवा अवधि गिनने की मांग की है। साथ ही, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार अनुभवी शिक्षकों को टेट से छूट देने, डीएड प्रशिक्षितों को भी पदोन्नति में समान अवसर देने की बात रखी गई। शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने आश्वस्त किया कि ई संवर्ग प्राचार्य की पदस्थापना इसी माह कर दी जाएगी, और बाकी मांगों पर भी विभागीय स्तर पर कार्रवाई की जाएगी।

### प्रतिनिधिमंडल की भागीदारी

ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में संजय शर्मा, देवनाथ साहू, बसंत चतुर्वेदी, मनोज सनाढ्य, जयंत यादव, सुखनंदन साहू, संतोष सिंह, डॉ. भूषण चंद्राकर सहित राज्य भर से 60 से अधिक शिक्षक नेता शामिल थे। सभी ने शिक्षक हितों के लिए एकजुटता दिखाई।

## विभा अवस्थी का मैनपुर-देवभोग में ऐतिहासिक स्वागत



**मैनपुर।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के गरियाबंद जिले के दौरे पर मैनपुर, देवभोग, अमलीपदर और आसपास के क्षेत्रों में उनका भव्य स्वागत किया गया। आमजन से लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं तक ने बाइक रैली, आतिशबाजी, दीप प्रज्वलन और गाजे-बाजे के साथ उन्हें ऐतिहासिक सम्मान दिया। मुख्य खबर प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार क्षेत्र में पहुंची विभा अवस्थी का अमलीपदर में धुरवागुड़ी से लेकर गांव तक भव्य बाइक रैली निकाली गई। स्थानीय लोगों ने घर-घर दीपक जलाकर स्वागत किया। विभा अवस्थी ने कहा, "यह मेरे मायके और ससुराल दोनों का क्षेत्र है, संगठन ने जिम्मेदारी दी है जिसे सबके आशीर्वाद से निभाऊंगी।" देवभोग, बिन्द्रानवागढ़, धवलपुर, गोहरापदर में भी जगह-जगह स्वागत रुक-रुक कर होता रहा। भाजपा के वरिष्ठ नेता, मंडल पदाधिकारी और महिला मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता साथ रहे। देवभोग विश्रामगृह में आयोजित सभा में पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी समेत कई नेताओं ने उन्हें बधाई दी। सभा को संबोधित करते हुए अवस्थी ने कहा कि "भाजपा सिर्फ संगठन नहीं, परिवार है। महिलाओं की भागीदारी से पार्टी और भी सशक्त होगी।"

- अमलीपदर की बहू को भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष बनने पर मिला जनस्नेह
- बाइक रैली, आतिशबाजी और गाजेबाजे के साथ हुआ जगह-जगह स्वागत

### नई ऊर्जा: 32 महिलाओं ने थामा भाजपा का दामन

देवभोग विश्रामगृह में आयोजित कार्यक्रम में अनिता उपाध्याय के नेतृत्व में नगर की 32 महिलाओं ने भाजपा की सदस्यता ली। शीतला पांडेय और प्रतीभा पांडेय ने कहा कि क्षेत्र की बहु को जिम्मेदारी मिलने से महिला संगठन को नई दिशा मिलेगी।

**ये रहे मौजूद :** कार्यक्रम में योगेश शर्मा, नंदनी नेताम, सरिता ठाकुर, डमरूधर पुजारी, मंजू नायक, जगमोहन पटेल, भगवानों बेहरा, माखन कश्यप समेत अनेक नेताओं और पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। आम नागरिकों की भी भारी उपस्थिति रही।

## हाईस्कूल दुल्ला में मना शिक्षक दिवस व किया विदाई समारोह



**रसेला।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुल्ला में शिक्षक दिवस और सुधीर कुमार मिश्रा का व्याख्यता से प्राचार्य के पद पर पदोन्नति होने पर शिक्षक दिवस के साथ विदाई समारोह बड़े हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुधीर कुमार मिश्रा, अध्यक्षता प्राचार्य प्यारे लाल धृतलहरे, विशेष अतिथि के रूप में शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुभारंभ डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन व सरस्वती माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान शिक्षक शिक्षिकाए और छात्र छात्राओं ने सुधीर कुमार मिश्रा को प्राचार्य पद पर पदोन्नति होने पर सप्रेम भेंट कर सम्मानित किया और सभी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षक को सम्मानित करना बड़ा गौरव का विषय है, शिक्षक समाज की सच्ची नींव है, बच्चे का चरित्र निर्माण उसके भीतर संस्कार अनुशासन और जिम्मेदारी का भाव जगाने का काम केवल शिक्षक ही कर सकते हैं। एक शिक्षक का योगदान केवल स्कूल तक सीमित नहीं रहता बल्कि वह पूरे समाज को दिशा देने का कार्य करता है। प्राचार्य प्यारे लाल धृतलहरे ने कहा कि एक विद्यार्थी को सफल नागरिक बनाने में शिक्षक की भूमिका माता पिता से भी अधिक महत्वपूर्ण होती है। इसी कड़ी में चंदूराम बघेल शिक्षक ने कहा कि धन को बांटा जा सकता है, लेकिन ज्ञात को नहीं। ज्ञान एक ऐसी चीज है जो आपके पास जितनी अधिक होगी, उतनी ही अधिक आप दूसरों के साथ बांटने में सक्षम होंगे।

## सड़क परसूली में किया शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान



**गरियाबंद।** शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल सड़क परसूली में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों का सम्मान किया गया। समारोह में स्थानांतरित शिक्षकों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रामकुमार धरवू, निशा पचभये और मिथलेश कुमार नाग को अन्य विद्यालयों में प्राचार्य पद पर पदोन्नति मिलने पर सम्मानित कर विदाई दी गई। जनभागीदारी शिक्षा समिति द्वारा आयोजित समारोह में स्कूल परिवार और ग्रामीणों ने शिक्षकों को शाल, श्रीफल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता जीवन साहू ने कहा कि "तीनों शिक्षकों ने वर्षों तक इस वनांचल क्षेत्र के बच्चों, विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरित और सहयोग दिया। रामकुमार धरवू वर्ष 2009 से हिंदी व्याख्याता के रूप में सेवा दे रहे हैं। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी धीर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी गजेंद्र धरवू, जिला सहायक शिक्षा अधिकारी श्याम चंदकार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने और शिक्षकों के योगदान को सराहा गया।

## साक्षरता हमारी इच्छाओं व आकांक्षाओं को आसमान की ओर ले जाती है: पूरन

**फिंगेश्वर।** अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू द्वारा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य ने कहा कि जीवन विकास के लिए साक्षर होना बहुत जरूरी है। साक्षरता हमारी सोच की सीमा को विस्तृत करती है। साक्षरता हमारी इच्छाओं और आकांक्षाओं को आसमान की ओर ले जाती है। साक्षरता दिवस का उद्देश्य लोगों को साक्षरता के प्रति जागरूक करना और उन्हें सीखने के लिए प्रेरित करना है। जिस प्रकार इंसान को जीवित रहने के लिए जल,वायु एवं भोजन की आवश्यकता होती है। ठीक उसी प्रकार जीवनयापन के लिए शिक्षित होना बहुत जरूरी है। साक्षरता वर्ष 2025 का थीम है कि डिजिटल युग में साक्षरता को



बढ़ावा देना। उन्होंने आगे डिजिटल तकनीक के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि डिजिटल तकनीक ने हमारे सीखने,संवाद और काम करने के तरीकों को बदल दिया है। इसलिए अब जरूरी है कि पारंपरिक पढ़ाई लिखाई के साथ–साथ डिजिटल कौशल भी हर व्यक्ति तक पहुंच पाएं। डिजिटल तकनीक की जानकारी की कमी भी साक्षरता अभियान का एक अहम हिस्सा है।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू,व्याख्याता दिनेश कुमार साहू,विनय कुमार साहू,नरेंद्र कुमार वर्मा,योगेश सोनकर,रेखा सोनी,गीतांजलि नेताम, संतोषी गिलहरे,नकुल राम साहू,कीर्ति निषाद,क्लर्क दुष्यंत साहू,तोमन राम साहू,भृत्य आकाश सूर्यवंशी व छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

**पारंपरिक पितृ तर्पण में कौवों की भूमिका मानी जाती है प्रभावी**

# पितृ पक्ष में कौआ की तलाश, विलुप्ति की कगार पर

**रसेला।** ग्रामीण अंचल में सुबह की कांव-कांव अब सुनाई नहीं देती। घरों की छत पर उड़ान भरना छोड़ दिया है कौवों ने। याद इसलिए आ रही है क्योंकि पितृ पक्ष शुरू हो रहा है जिसमें कौचों को भोजन करचाने की परंपरा पौड़ियों से चली आ रही है। कैसे पूरी करेंगे पितृ तर्पण की परंपरा? सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि शहरी पारिस्थितिकी का सबसे सामान्य पक्षी कौवा शहर से दूर हो चुका है।

- प्रदूषण और आवासीय बदलाव से घट रही कौवों की संख्या

प्रारंभिक जांच में भोजन लीत में बदलाव को कौवों की शहरों से दूरी बड़ी वजह मानी जा रही है। दूसरी वजह प्राकृतिक आवास का खत्म होना भी है। कूड़ा घर, सब्जी मंडी, होटल और बाबे हैं तो सही लेकिन यहां से निकलने वाले अपशिष्ट में अर्ध सड़े जैविक पदार्थ की बजाय प्लास्टिक, धर्मोकोल और रसायन जैसे अजैविक अपशिष्ट की मात्रा अधिक होती है। इससे कौत्रों का पोषण आहार प्रभावित हो रहा है। यही वजह है कि कौवों ने शहरी परिवेश से दूरी बना लो है।



### प्रदूषण और रासायनिक प्रभाव


कीटनाशक और कीटनाशक युक्त अपशिष्ट अवशेष की मात्रा हर साल बढ़ रही है। यह गिद्धों की असमय मौत का कारण और कौवों की प्रजनन क्षमता और रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर रहें हैं। भारी धातु जैसे लेड और मरकरी अलावा प्लास्टिक के सेवन से कौवों के अंडों का आवरण पतला होने लगा है, जिससे चूजे सुरक्षित रूप से बाहर नहीं निकल पाते।

बरगद, पीपल और नीम के वृक्ष कौवों के लिए सुरक्षित प्राकृतिक आवास माने जाते हैं लेकिन शहरी क्षेत्र के विस्तार ने इन वृक्षों की संख्या घटा दी है। जगह कंक्रीट के जंगल और ऊंची इमारतों नै ले ली है, जहां कौवों के लिए आवास बना पाना लगभग दुष्कर है। इसके अलावा कबूतर, मैंना और चील जैसे प्रतिस्पर्धी पक्षियों की बढ़ती आबादी भी कौवों की घटती संख्या का कारण बन रही है ।

### पारिस्थितिकी के लिए गंभीर चेतावनी

कौवों की घटती संख्या शहरी पारिस्थितिकी के लिए गंभीर चेतावनी है। जैविक कचरे की जगह प्लास्टिक और रसायन, कीटनाशकों का बढ़ता उपयोग और बरगद-पीपल जैसे वृक्षों की कमी ने इनके भोजन और आवास दोनों को प्रभावित किया है। यदि तत्काल उपाय नहीं किए गए तो कौवे आने वाले वर्षों में केवल लोककथाओं और पितृपक्ष की परंपराओं तक सीमित होकर रह जाएंगे।

## एनएचएम कर्मियों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई



**रसेला।** अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे एनएचएम के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का आंदोलन बुधवार को 24 वें दिन भी जारी रहा। बता दें कि प्रदेशभर में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी 18 अगस्त से बेमियादी हड़ताल पर हैं। इस बीच सरकार की ओर से कई बार कमेटी बनाने और आंशिक मांगे मानने का आश्वासन दिया गया, लेकिन लिखित आदेश जारी नहीं होने से कर्मचारियों का गुस्सा और बढ़ता जा रहा है। हड़ताली कर्मचारियों ने साफ कहा कि अब केवल आश्वासन से काम नहीं चलेगा, सरकार को ठोस निर्णय लेना होगा। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने कहा कि एनएचएम कर्मचारियों स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ है और महामारी से लेकर ग्रामीण इलाकों तक चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने में उनकी अहम भूमिका है। ऐसे में सरकार का चुप रहना न केवल कर्मचारियों के लिए बल्कि मरीजों और जनता के लिए भी घातक है। लगातार जारी हड़ताल से क्षेत्र सहित जिले में स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रहें हैं। ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर मरीजों को परेशानियां हो रही है। इसके बावजूद सरकार और प्रशासन की चुप्पी पर सवाल उठाए जा रहे हैं। क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों ने सरकार से मांग की है कि इन लोगों की मांग को पूरा करते हुए, स्वास्थ्य सेवाएं में जो परेशानियां आ रही है उसे तत्काल दूर करें।

# श्री कुलेश्वर महादेव महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ थीम पर हुई प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम।

## छत्तीसगढ़ थीम पर पोस्टर, स्लोगन, रंगोली, भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन



श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय में स्थापना रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा और गौरवशाली धरोहर पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी सृजनात्मक एवं बौद्धिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में पोस्टर, स्लोगन, रंगोली, भाषण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें छत्तीसगढ़ की लोककला, सामाजिक जीवन, भाषा और इतिहास की झलक मिली।

पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी लोककला को चित्रों में प्रस्तुत किया। स्लोगन प्रतियोगिता में "छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया" का संदेश प्रभावी ढंग से उभरा। रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने रंगों एवं फूलों से छत्तीसगढ़ी त्योहारों और लोकनृत्यों का सुंदर चित्रण किया। भाषण प्रतियोगिता में सामाजिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर प्रतिभागियों ने अपने विचार रखे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ी भाषा, संस्कृति और भूगोल से जुड़े सवाल पूछे गए, जिनका संचालन सहायक प्राध्यापक पुरुषोत्तम काबरा ने किया।

**विजेता प्रतिभागी:** पोस्टर में प्रथम रानी निर्मलकर, द्वितीय रुखमणि साहू; भाषण में प्रथम नितलेश साहू, द्वितीय योगिता रात्रे; रंगोली में प्रथम हिना साहू, द्वितीय तुलेश्वरी; स्लोगन में प्रथम रुखमणि साहू, द्वितीय वरुण साहू; प्रश्नोत्तरी में प्रथम चैतन्य तारक, द्वितीय तीजू साहू रहे। प्राचार्य डॉ. मधुरानी शुक्ला ने छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

### अतिथियों के विचार

नगरपालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने कहा कि विद्यार्थी जीवन अनुशासन, सम्मान और निष्ठा से सार्थक होता है। उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि संस्कृति जीवन जीने की कला है, जो सत्य, अहिंसा एवं करुणा सिखाती है। अतिथियों ने विद्यार्थियों के उत्साह को सराहा और पुरस्कार वितरित किए।

## खबर संक्षेप

### खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने की सीएम से भेंट



**राजिम।** राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने सीएम विष्णुदेव साय से भेंट कर पिछले एक माह की गतिविधियों की जानकारी दिया। आयोग के कार्य में कैसे तेजी लाया जाए जिससे खाद्यान्न सुरक्षा के अन्तर्गत आने वाले हितग्राहियों को अधिकतम लाभ इस पर आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त किया।

### कैमरे की जद में आया हॉर्नबिल पक्षी



**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में बाघ समेत विभिन्न प्रकार के दुर्लभ वन्यप्राणी पाये जाते है आज फिर एक बार हॉर्नबिल हॉर्नबिल (धनेश) पक्षी कैमरे में कैद हुआ है ये एशिया, आफ्रीका, मलेशिया के अलावा भारत के पि"चमी तट यानी महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तामिलनाडु में पाया जाता है इसकी मौजूदगी छत्तीसगढ़ के बस्तर में भी बताई जाती है।

### सशिमं में मनाया गया शिक्षक दिवस



**मुड़ागांव(कोरासी)।** सरस्वती शिशु मंदिर अकलवारा में शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर सभी मिलकर एक साथ मनाया गया इस अवसर पर रामाधार साहू पध्रानाचार्य, गोपीचंद, पार्वती, वर्षा, किरण, उर्वशी, लिलेश्वरी, चमेली एवं ग्रामीण सरपंच सचिव शाला पब्रधन समिति सभी उपस्थित रहे।

### शराब का अवैध परिवहन एक व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब का अवैध परिवहन कर रहे एक व्यक्ति के खिलाफ तुमगांव पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 केवाय 3804 में अवैध शराब परिवहन कर बिक्री के लिए नदी मोड़ से तुमगांव की ओर आ रहा है। इसके बाद एनएच 53 रोड अमावस चौक तुमगांव पहुंचकर उक्त बाइक चालक को रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में संदेही ने अपना नाम उमेश महोबिया पिता चंद्रहास महोबिया (39 साल) निवासी वार्ड नं 6 तुमगांव होना बताया।

### पॉक्सो एक्ट के तहत जेल भेजे गए सहायक शिक्षक साहू निलंबित

**महासमुंद।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी बसना कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला सोनामुंदी में पदस्थ सहायक शिक्षक (एलबी) ज्योतिष कुमार साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।
मिली जानकारी के अनुसार उनके विरुद्ध थाना बसना में बीएनएस की धाराओं एवं पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। वर्तमान में वे 48 घंटे से अधिक समय से न्यायिक अभिरक्षा में जेल में निरुद्ध हैं। छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम-9 के उपनियम (2)(क) के तहत उनकी गिरफ्तारी की तिथि से ही निलंबन आदेश प्रभावी कर दिया गया है।

## नपा अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक ने दो बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# अयोध्याधाम व काशी विश्वनाथ दर्शन के लिए जिले से 94 श्रद्धालुओं का दल रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राज्य शासन द्वारा लोगों को अयोध्या धाम एवं काशी विश्वनाथ दर्शन कराने के लिए श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत दर्शनार्थियों को अयोध्या धाम में श्री रामलला का निःशुल्क दर्शन कराया जा रहा है। साथ ही काशी विश्वनाथ का भी भ्रमण कराया जा रहा है। शासन द्वारा प्रत्येक जिलों से चयन कर सभी श्रद्धालुओं को ट्रेन के माध्यम से उन्हें रामलला के दर्शन के लिए ले जाया जा रहा है।

- श्री रामलला दर्शन योजना, यात्रा में नि:शुल्क दर्शन, रहने-खाने और सुरक्षा की रहेगी पूरी व्यवस्था

आज नगर पालिका गरियाबंद के अध्यक्ष रिखीराम यादव, पूर्व विधायक गोवर्धन मांझी, उपाध्यक्ष आसिफ मेमन एवं जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर ने गरियाबंद जिले से भी दर्शनार्थियों से युक्त 2 बसों को हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से श्रीरामलला दर्शन अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। जिले के कुल 94 दर्शनार्थी आज रवाना हुए। इस दौरान अतिथियों ने सभी यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। 94 श्रद्धालुओं में उनके देख-देख के लिए 4 अनुरक्षक भी शामिल है। चयनित तीर्थयात्रियों को बस से रायपुर के लिए रवाना किया गया। रायपुर रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन द्वारा श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम की यात्रा के लिए ले जाया जाएगा। यात्रा पश्चात तीर्थयात्रियों की जिला वापसी होगी। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उप संचालक डी.पी ठाकुर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



गरियाबंद जिले से अयोध्या जा रहे श्रद्धालुओं ने राज्य शासन और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अयोध्या धाम जाकर प्रभु श्रीराम जी के दर्शन का अवसर मिलेगा, जिससे वे अत्यंत आनंदित हैं।

एक श्रद्धालु ने कहा, हमने केवल सपनों में सोचा था कि श्रीरामलला के दर्शन होंगे, आज यह अवसर सरकार ने दिया है। श्रद्धालुओं की अयोध्या जाने की इच्छा पूरी करने वाली इस योजना के लिए जिले के श्रद्धालु ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया। निःशुल्क यात्रा के साथ खाने, पीने और रहने की भी व्यवस्था की गई है। इससे श्रद्धालुओं पर कोई आर्थिक बोझ भी नहीं पड़ेगा।

### सुरक्षाकर्मी भी चल रहे ट्रेन में

उल्लेखनीय है कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा। जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। ट्रेन में टूर एक्सपर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद है।

# छत्तीसगढ़ में युवा सांसद प्रशिक्षण 2025 का आयोजन



**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ में कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा विभाग, रायपुर के निर्देश पर युवा सांसद प्रशिक्षण 2025 के दो चरण सफलतापूर्वक संपन्न हुए। यह प्रशिक्षण जिला गरियाबंद के सहायक जिला परियोजना अधिकारी बुद्धविलास सिंह के मार्गदर्शन और जिला नोडल ज्ञानेंद्र शर्मा के संचालन में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को संसदीय प्रक्रियाओं और नियमों की विस्तृत जानकारी देना था। प्रशिक्षण के पहले चरण में मैनपुर और देवभोग विकासखंड के व्याख्याताओं को प्रशिक्षित किया गया, जबकि दूसरे चरण में गरियाबंद, फिंगेश्वर और छुरा विकासखंड के व्याख्याताओं को प्रशिक्षण मिला। प्रशिक्षण के दौरान, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर सतीश मालवीय ने संसदीय प्रणाली के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर गहन जानकारी दी, जिसमें शामिल थेः संसदीय कार्यप्रणालीः संसद के दोनों सदनों में होने वाले विभिन्न कार्य, जैसे कि राष्ट्रपति का अभिभाषण, प्रश्नकाल, स्थगन प्रस्ताव और अविश्वास प्रस्ताव। संसदीय मर्यादाः संसद सदस्यों के लिए निर्धारित आचरण और मर्यादा के नियम।विधिक प्रक्रियाएंः विधेयक, अध्यादेश, और विभिन्न समितियों के कार्यों से संबंधित प्रक्रियाएं।

### विविध विषयों पर भी हुई विस्तृत चर्चा

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शपथ ग्रहण, त्यागपत्र संबंधी स्पष्टीकरण, समितियों में नामांकन और अन्य विविध विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस पूरे आयोजन में दीपक कुमार बौद्ध (सेजेस गरियाबंद) और पुरुषोत्तम वर्मा भी उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण अनुभव था, जिसने उन्हें संसदीय प्रक्रियाओं की गहरी समझ प्रदान की, जिससे वे भविष्य में युवा पीढ़ी को इस महत्वपूर्ण विषय पर बेहतर ढंग से शिक्षित कर सकेंगे।

# जिला अस्पताल को मिले 18 करोड़, आमदी में तटबंध निर्माण की मिली स्वीकृति



**गरियाबंद।** जिला मुख्यालय अस्पताल के लिए 18 करोड़ की राशि स्वीकृत होने तथा ग्राम आमदी में तटबंध निर्माण की स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों ने विधायक रोहित साहू के निवास पहुँचकर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता व अधिवक्ता प्रशांत मानिकपुरी, जिला पंचायत सभापति लेखराम ध्रुवा, भाजयुमो नेता गुलशन सिन्हा, आमदी म के सरपंच प्रतिनिधि पहलाद पटेल, उपसरपंच सोमेश ध्रुव, खोलबाहरा चक्रधारी, राकेश पटेल दल, नारायण सोनवानी, देवी राम पटेल, लुमेश ठाकुर, जीवन पटेल, नूतन साहू, सूरज निषाद, जय भिलेपारिया, लकी मानिकपुरी, मंगल पटेल सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

वरिष्ठ भाजपा नेता प्रशांत मानिकपुरी ने कहा कि विधायक रोहित साहू ने क्षेत्र के विकास के लिए जो संवेदनशीलता और तत्परता दिखाई है, वह काबिल-ए-तारीफ है। जिला अस्पताल में 18 करोड़ की स्वीकृति से स्वास्थ्य सेवाओं में आमूलचूल परिवर्तन आएगा, वहीं आमदी में तटबंध बनने से किसानों की बरसों पुरानी समस्या का समाधान होगा। ग्रामीणों ने जो आभार व्यक्त किया है, वह वास्तव में क्षेत्र की जनता की भावना का प्रतीक है।

# साक्षरता के महत्व पर स्कूली बच्चों ने दिए प्रेरक भाषण



**अभनपुर।** विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर पीएम श्री सेजेस खोरपा में शिक्षा के महत्व पर आधारित एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे विद्यार्थियों ने प्रेरणादायक विचार और भाषण प्रस्तुत कर साक्षरता के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर नारा लेखन प्रतियोगिता में छात्रों ने शिक्षा सफलता की कुंजी है जैसे प्रभावशाली संदेश दिए।

वहीं रंगोली प्रतियोगिता में शिक्षा से जगमगाए संसार विषय पर छात्रों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बनाई गई मानव आकृति ने यह संदेश दिया कि साक्षरता व्यक्ति को जागरूक, स्वस्थ और सूचित जीवन जीने की दिशा प्रदान करती है। इस मौके पर विद्यार्थियों ने समाज में शिक्षा का महत्व फैलाने एवं साक्षरता अभियान को आगे बढ़ाने में सहयोग करेंने का शपथ लिया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक व स्कूली बच्चे बड़ी संख्या मे मौजूद रहे।

# नाचबो नचाबो सीजन-3 में थिरके कदम, उमड़ा जनसैलाब

**मैनपुर।** नगर के जिडार रोड चौक में पैरी युवा मंच द्वारा आयोजित नाचबो नचाबो सीजन-3 डीजे डांस प्रतियोगिता में कलाकारों और दर्शकों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। देर रात तक चले इस सांस्कृतिक महोत्सव में 31 सामूहिक और 8 एकल टीमों ने भाग लिया। आयोजन ने न सिर्फ युवाओं को मंच दिया बल्कि स्थानीय संस्कृति को जीवंत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, लोकेश्वरी नेताम, योगेश शर्मा, सरिता ठाकुर समेत अनेक जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। लोकेश्वरी नेताम ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से हमारी संस्कृति को संरक्षण और नई पीढ़ी को दिशा मिलती है। वहीं योगेश शर्मा ने कहा कि पैरी युवा मंच ने मैनपुर को सांस्कृतिक पहचान दी है। बाहर से आ रही प्रतिभाएं इसका प्रमाण हैं। प्रतियोगिता में नवजवान डांस ग्रुप, गोलामुंडा (ओडिशा) ने प्रथम स्थान, जय माँ दंतेश्वरी बासकोट (कोंडागांव) ने द्वितीय और चंद्रकांत डांस ग्रुप, नहानबिरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नंदनी नेताम ने कार्यक्रम को युवा ऊर्जा का उत्सव बताते हुए सभी प्रतिभागियों की सराहना की। कार्यक्रम में हजारों दर्शकों की भागीदारी रही और मैनपुर पुलिस प्रशासन की व्यवस्था की खूब तारीफ हुई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला संयोजक रूपेश साहू, युवा मोर्चा महामंत्री पुलस्त शर्मा, लोचन चक्रधारी, मनोहर राजपुत, धनसाय बाम्बोडे, अमन बाम्बोडे, मुकेश सिन्हा, हर्ष दास, त्रिलोक ध्रुव, युगदास वैष्णव, जगदीश नागेश, डोलेश चक्रधारी, प्रांजल ठाकुर, नितेश चक्रधारी, ऋषि, सुधीर राजपूत सहित पैरी युवा मंच के कार्यकर्ता बडी संख्या में उपस्थित थे।



### प्रतिभा मंच से आई सामने

कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी ओडिशा, कोंडागांव, गरियाबंद समेत अन्य जिलों से पहुंचे थे। इस आयोजन ने स्थानीय और बाहरी कलाकारों को एक साझा मंच दिया जहां उन्होंने अपनी सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को प्रस्तुत किया।

### युवा मंच की टीम रही पूरी तरह सक्रिय

रूपेश साहू, पुलस्त शर्मा, नीतिन सचदेव, मनोहर राजपूत, हर्ष दास, त्रिलोक ध्रुव, सुनील बाम्बोडे जैसे सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आयोजन को सफल बनाने में दिन-रात मेहनत की। कार्यक्रम का संचालन डोमार पटेल ने हंसमुख अंदाज में किया।

## छत्तीसगढ़ स्थापना की 25वीं वर्षगांठ पर छात्रों ने ज्ञान और उत्साह दिखाया

# फणीकेश्वर नाथ महाविद्यालय में रजत जयंती समारोह पर प्रश्नमंच, भाषण और समूह चर्चा का सफल आयोजन

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फणीकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की देखरेख में प्रश्नमंच, भाषण और समूह चर्चा प्रतियोगिताओं का सफल संचालन हुआ, जिसमें छात्रों ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और राजनीतिक धरोहर पर अपनी बौद्धिक प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। 'छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना और इसकी पृष्ठभूमि' विषय पर आयोजित प्रश्नमंच में पांच टीमों ने हिस्सा लिया। विनिशा की टीम प्रथम स्थान पर रही, जबकि लीभा और दुर्गा की टीमें क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं। इसके अतिरिक्त, 'छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं जनजातियां' पर भाषण प्रतियोगिता में हेमशरण नेताम प्रथम स्थान हासिल किया। 'स्वतंत्रता आंदोलन में छत्तीसगढ़ के जनजातीय सेनानियों की भूमिका' पर समूह चर्चा ने भी छात्रों को अपनी समझ प्रदर्शित करने का अवसर दिया। कार्यक्रम में स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। डॉ. मोहन सिंह, देवेन्द्र पटेल और सतप्रीत सिंह ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

- प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत पर प्रस्तुत किए गहन विचार




### प्रश्नमंच एवं समूह चर्चा

प्रश्नमंच में पांच टीमों ने भाग लिया, जिनके नेतृत्वकर्ता विनिशा, लीभा, दुर्गा, काजल बघेल और जनक राम थे। समूह चर्चा और भाषण प्रतियोगिता में कुल 20 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। आयोजन का संचालन प्रो. कमलेर प्रसाद निषाद ने किया।

### प्रतियोगिताओं का महत्व

इस आयोजन ने छात्रों को न केवल छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के बारे में जागरूक किया, बल्कि उनके संवाद और सोचने की क्षमता को भी विकसित किया। यह युवाओं को अपने प्रदेश से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम साबित हुआ।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में गुरुकृपा विद्यालय रहा अव्वल



**रसेला।** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2024-25 में गुरूकृपा विद्या विद्या मंदिर के माध्यमिक विभाग विकासखंड छुरा में प्रथम स्थान पर कक्षा छठवीं से चि. दिव्यांश निषाद पिता जीवराखन निषाद द्वितीय स्थान पर कक्षा छठवीं से कु. मोनालिसा अग्रवाल पिता झंवर लाल अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा छठवीं से चि. मुकंद चंद जगत पिता खेमसिंग जगत व प्राथमिक विभाग से विकास खंड छुरा में दूसरे स्थान पर कक्षा पांचवीं से चि. नीरज मरकाम पिता सुरेश मरकाम ने स्थान बनाया। गायत्री परिवार के परिवाजक चन्द्रकला यादव और दुलसीया यादव के द्वारा प्रतिभागी बच्चों को मेमेन्टो शील्ड व तिलक लगाकर सम्मान किया गया। इसके लिए विद्यालय परिवार की ओर से सभी प्रबंधन समिति और शिक्षकों की और से चारों बच्चों को शुभकामनाएं दीं। साथ ही गायत्री परिवार के लोगों को भी शुभकामनाएं दी कि वे हमारे विद्यालय के विकास में अपना सहयोग देते आ रहे। भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम के लिए हमेशा सहयोग करते रहे।

## खबर संक्षेप

### एचएसआरपी नंबर प्लेट व लर्निंग लायसेंस बनाने शिविर 26 तक

**गरियाबंद।** शासन ने 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत समस्त वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि इसके तहत जिले के समस्त ब्लॉकों में एचएसआरपी नंबर प्लेट आवेदन करने एवं लर्निंग लायसेंस बनाने के लिए लगातार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जि देवभोग ब्लॉक में 11 सितम्बर को पंचायत भवन कोकड़ीपारा ,12 सितम्बर को अतिरिक्त कक्ष साहसखोल, 13 सितम्बर को अतिरिक्त कक्ष सरगीबहली, 14 सितम्बर को अतिरिक्त कक्ष बरही,15 सितम्बर को अतिरिक्त कक्ष लिमपारा, 16 सितम्बर को अतिरिक्त कक्ष जामगांव, 17 सितम्बर को पंचायत भवन रोहनागुड़ा,18 सितम्बर को पंचायत भवन निटीगुड़ा, 19 सितम्बर को अतिरिक्त कक्ष खम्हारगुड़ा में लगाया जाएगा। 20 सितम्बर को अतिरिक्त कक्ष फुलीमुड़ा,21 सितम्बर को अतिरिक्त कक्ष दमनी,22 सितम्बर को अतिरिक्त कक्ष केन्दुबोंद,23 सितम्बर को अतिरिक्त कक्ष डोंगरीगुड़ा,24 सितम्बर को अतिरिक्त कक्ष बोईरगुड़ा,25 सितम्बर को अतिरिक्त कक्ष चिंगराभाठा एवं 26 सितम्बर को अतिरिक्त कक्ष खजुरपदर में एचएसआरपी नंबर प्लेट आवेदन करने और लर्निंग लायसेंस बनाने के लिए शिविर आयोजित किया जाएगा। उक्त तिथियों में आसपास के ग्रामीण शामिल होकर एचएसआरपी नंबर प्लेट का पंजीयन करा सकेंगे। शिविर में एच.एस.आर.पी. नंबर प्लेट लगवाने के लिए वाहन की आर.सी. बुक, आधार कार्ड छायाप्रति एवं मोबाइल नंबर प्रस्तुत कर आवेदन किया जा सकता है।

### सड़कों के सुदृढ़ीकरण की मंजूरी से क्षेत्र में हर्ष

**गरियाबंद।** भाजपा जिला अध्यक्ष



अनिल चंद्राकर ने बताया कि गरियाबंद जिले के तीन सड़कों के विकास कार्यों को लेकर राज्य की भाजपा सरकार ने करोड़ों रुपए की वित्तीय मंजूरी दे दी है। ग्रामीण वर्षों से मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की भाजपा सरकार सड़क विकास को लेकर संकल्पित है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में श्री चंद्राकर ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सड़कों के सुदृढ़ीकरण (सतह मजबूतीकरण) की प्रशासकीय स्वीकृति बिंद्रानवागढ़ विधानसभा के ग्राम पारागांव से पेंड्रा (10.27 किमी), ग्राम पिपरछेड़ी से चिंगरमाल (9.30 किमी), 09 टी 02 से बेगरपाला (13.30 किमी) को प्रदान की गई हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी, वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी तथा सांसद रूपकुमारी चौधरी का सड़कों की वित्तीय स्वीकृति दिलाने पर आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास हो रहा है। गांव-गरीब, किसान, ग्रामीण व शहरी महिलाएं योजनाओं से सीधे लाभान्वित है। छत्तीसगढ़ में सुशासन की सरकार से आम जनता खुश है।

### महिला स्वास्थ्य कर्मी को धमकी व गाली गलौज

**सरायपाली।** सिंघोड़ा थाना अंतर्गत उप स्वास्थ्य केन्द्र समदरहा में पदस्थ महिला स्वास्थ्य कर्मी के साथ एक व्यक्ति के द्वारा गाली-गलौज व धमकी दिये जाने का मामला सामने आया है। थाना से मिली जानकारी अनुसार श्रीमती तुल्लू नागवंशी पति स्व. दिनेश कुमार नागवंशी उम्र 59 साल निवासी समदरहा थाना सिंघोडा ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वे आरएचओ के पद पर उप स्वास्थ्य केन्द्र समदरहा में पदस्थ हैं। माधव कोलता के द्वारा लगभग दो सप्ताह से उनके साथ गाली-गलौज एवं छेड़खानी, सामानं फेंकना एवं तेरा क्या होगा सोच नहीं पायेगी कहकर धमकी दिया जा रहा है। उनके द्वारा इस बारे में गांव के सरपंच को भी जानकारी दी गई, लेकिन किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई। जबकि उनके उप स्वास्थ्य केन्द्र में सरपंच की उपस्थिति में भी उनके सामने ही माधव के द्वारा अश्लील गाली-गलौज दिया गया।

# आईएसबीएम विवि में छत्तीसगढ़ रजत जयंती पर हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी

**देशभर के लगभग 90 बुद्धिजीवियों और विद्यार्थियों ने की सहभागिता**

**छुरा।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय, नवापारा (कोसमी), जिला गरियाबंद में छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय था – "सतत विकास, समृद्ध विरासत : चुनौतियाँ एवं संभावनाएँ", जिसमें देशभर के लगभग 90 शिक्षाविद, शोधकर्ता, पर्यावरणविद, नीति-निर्माता और विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद महलवार ने की। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद, सरपंच लेखराज ध्रुवा, कचना ध्रुवा कॉलेज छुरा के प्राचार्य डॉ. एच. सी. पटेल, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से डॉ. गजेंद्र साहू सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ राज्य की 25 वर्षों की उपलब्धियों की समीक्षा के साथ-साथ आगामी 25 वर्षों के लिए संभावनाओं और रणनीतियों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने शिक्षा, पर्यावरण, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, नवाचार और हरित तकनीकों पर विशेष बल दिया। डॉ. चंद्रहास पटेल ने कहा कि अब समय है कि हम गुणवत्ता शिक्षा, शोध और स्थानीय भाषा में उच्च शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करें। जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने समावेशी विकास के लिए महिला, युवा और आदिवासी वर्ग की भागीदारी को अनिवार्य बताया। डॉ. गजेंद्र साहू ने पर्यावरण संरक्षण को सबसे बड़ी चुनौती बताते हुए हरित ऊर्जा और जल-संरक्षण को प्राथमिकता देने की बात कही।

### आगे की राह : हरित उद्योग और डिजिटल शिक्षा पर फोकस

डॉ. डी.आर. साहू और लेखराज ध्रुवा ने आने वाले वर्षों के लिए सुझाव दिए कि छत्तीसगढ़ को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरित उद्योग, पर्यटन, स्टार्टअप और डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देना होगा। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन रोकने के लिए लघु उद्योग और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाना जरूरी है।







### समारोह की भव्यता : साहित्य, प्रदर्शनी और संवाद का संगम

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा पुस्तक प्रदर्शनी के उद्घाटन से हुई। आयोजन में स्वागत भाषण डॉ. एन. कुमार स्वामी ने दिया और धन्यवाद ज्ञापन छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाशीष बिस्वास द्वारा प्रस्तुत किया गया। संयोजन डॉ. दिवाकर तिवारी ने किया, जबकि सुश्री भामती साहू और रमेश कुमार नायक सह संयोजक व आयोजन सचिव रहे। संचालन लक्ष्मीकांत सिन्हा और सुकृति पाठक ने किया।

## शिक्षक अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर जीवन को बनाते हैं प्रकाशमय: विधायक

# ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में 300 से अधिक शिक्षक हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम/अभनपुर

विकासखण्ड स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह बजरंगदास हायर सेकेंडरी विद्यालय अभनपुर के प्रांगण में विधायक इंद्रकुमार साहू के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। शिक्षक सम्मान समारोह में विधायक के करकमलो से अभनपुर विकासखंड के 300 से अधिक शिक्षकों को श्रीफल,शॉल,मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। शिक्षकों के विभिन्न क्षेत्रों में किए गए सराहनीय कार्यों जैसे सामाजिक कार्य ,विज्ञान शिक्षा, अच्छे परीक्षा परिणाम एवं उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में काम करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

- सामाजिक कार्यों, विज्ञान शिक्षा व उत्कृष्टता के लिए शिक्षकों को सम्मानित कर किया सशक्त

जिसमें मुख्य रूप से सेवानिवृत्त शिक्षकगण एवं वर्तमान में पदस्थ शिक्षक भी शामिल हुए। शिक्षकों में मुख्य रूप से राज्यपाल पुरस्कार से पुरस्कृत प्रधानपाठक गोपाल यादव, सेवानिवृत प्राचार्य मीनाक्षी पिंपलापूरे, संतराम सोनबरसा सेवानिवृत्ति व्याख्याता, सेवानिवृत व्यायाम शिक्षक बी आर साहू, शशिकिरण साहू व्याख्याता, प्राचार्य शोभा नायर, प्राचार्य जे जे वर्मा, संकुल समन्वयक टी.आर.रात्रे, बुद्धेश्वर बघेल सहित सैकड़ों सेवानिवृत्त एवं अपने विद्यालयों में प्रेरणास्पद कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि शिक्षक अज्ञानता के अंधकार को हटाकर दिव्य प्रकाशमय जीवन में लाने का कार्य करता है। शिक्षकों के सम्मान करने में मुझे बेहद खुशी होती है। बीईओ धनेश्वरी साहू द्वारा किए जा रहे शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न प्रयासों की सराहना की।



### ये हुए शामिल

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष चंद्रिका-जितेंद्र बंजारे, नपा अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे, उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, पार्षद नीलकमल गिलहरे, सभापति चंचल-राजा दीवान, सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश ढीढी, किशन शर्मा, वरुण राठी, राजा राय, नारायण सोनी, बीआरसीसी राकेश साहू सहित समस्त संकुल प्राचार्य, समन्वयक ,प्रधानपाठक प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय शामिल हुए।

## अतमरा स्कूल में उत्साहपूर्वक मना शिक्षक दिवस

**पाण्डुका।** देश के प्रथम उपराष्ट्रपति और महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अतरमरा में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य श्री बी. देवांगन ने की। उन्होंने अपने संबोधन में गुरु-शिष्य परंपरा का ऐतिहासिक महत्व बताया और चाणक्य व चंद्रगुप्त मौर्य का उल्लेख करते हुए गुरु की भूमिका को रेखांकित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व डॉ. राधाकृष्णन के पूजन व माल्यार्पण से हुआ। इसके उपरांत सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई और शिक्षकों का पुष्पगुच्छ, शाल व श्रीफल देकर सम्मान किया गया। छात्रा कु. खोमेश्वरी ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर माहौल को भावनात्मक बना दिया। वहीं खुशबू, मिनाक्षी, नेहा और टीना ने रंगारंग सामूहिक नृत्य कर समां बांधा। शिक्षकों ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। श्री एम.के. चंद्राकर और श्रीमती भावना शर्मा ने गीत प्रस्तुत किए, वहीं श्रीमती चेतना साहू व मंजरी साहू ने सवैया व कविता पाठ कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। शिक्षकों के लिए आयोजित खेलों में सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने स्कूली दिनों को याद किया।



### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजी रंगीन शाम

कार्यक्रम में बच्चों ने शिक्षकों के सम्मान में गीत, नृत्य, कविता और हास्य प्रस्तुतियाँ दीं। नृत्य की प्रस्तुति ने जहां मंच को जीवंत कर दिया, वहीं गीतों और कविताओं ने भावनाओं की गहराई को छू लिया। इस आयोजन में मनोरंजन और सम्मान का सुंदर संतुलन देखने को मिला।

### सम्पूर्ण स्टाफ और छात्रों की सक्रिय भागीदारी

शिक्षक दिवस के इस सफल आयोजन में प्राचार्य बी. देवांगन के साथ वरिष्ठ व्याख्याता आर.के. कंसारी, आर.एस. साहू, एम.के. चंद्राकर, चेतना साहू, भावना शर्मा समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन कु. निधी तिवारी और डाली निषाद ने कुशलता से किया। अभय तिवारी, गौरव सिन्हा, जयप्रकाश यादव, गजेन्द्र साहू समेत छात्रों का भी सराहनीय योगदान रहा।

# नपा लगा रही है घरों में डिजिटल नेम प्लेट

**नवापारा-राजिम।** नगर के सभी 21 वार्डों के घरों में डिजिटल नेम प्लेट लगाए जा रहे है। जिसमें मकान एवं भवन की संपूर्ण जानकारी मिलेगी। राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा छत्तीसगढ़ के 46 निकाय के भवनों में डिजिटल नेम प्लेट लगाया जा रहा है। जिसके तहत नवापारा परिधि के अंतर्गत सभी 21 वार्डों में सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है।

कई वार्डों में डिजिटल नंबर प्लेट लगाए जा चुके है। बाकी बचे हुए भवनों एवं मकानों में डिजिटल प्लेट लगाने का कार्य प्रगतिशील है। डिजिटल प्लेट में अंकित क्यू आर स्कैन करने से भवन मकान आदि की संपूर्ण जानकारी प्राप्त हो जाती है।

- क्यू आर कोड से मिलेगी संपत्ति की पूरी जानकारी

स्कैनिंग पश्चात भवन स्वामी का नाम, क्षेत्रफल, टैक्स की राशि, वार्ड का नाम, वार्ड क्रमांक, भवन की फोटो, गूगल लोकेशन आदि की संपूर्ण जानकारी मोबाइल स्क्रीन में दिखाई देती है। अब नगरवासियों को टैक्स जमा करने के लिए पालिका जाने की आवश्यकता नही होगी। क्यू आर कोड के माध्यम से ऑनलाइन टैक्स का भुगतान किया जा सकता है।





### संपत्ति की जानकारी एवं टैक्स भुगतान की मिलेगी सुविधा: सीएमओ

सीएमओ लवकेश पैकरा ने बताया कि नवापारा नगर के सभी 21 वार्डों में डिजिटल नंबर प्लेट लगाने का सर्वे कार्य पूर्ण हो चुका है। पालिका की राजस्व टीम द्वारा वेरिफिकेशन पश्चात कई भवनों में डिजिटल प्लेट लगाए जा चुके है। शेष घरों एवं भवनों में डिजिटल प्लेट लगाने का काम जारी है। डिजिटल प्लेट से भवन को संपूर्ण जानकारी, टैक्स की जानकारी डिजिटल रूप में प्राप्त हो जाएगी। क्यू आर स्कैन कर टैक्स ऑनलाइन भुगतान को सुविधा नगरवासियों को मिलने लगेगी। आगामी कुछ दिनों में नगर के सभी भवनों में डिजिटल प्लेट लगाने का काम पूर्ण कर लिया जाएगा।

### शासन की महत्वाकांक्षी योजना, घर बैठे टैक्स जमा करने की मिलेगी सुविधा : ओमकुमारी

नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने बताया कि नगर के घरों एवं भवनों में डिजिटल प्लेट लगाने के काम में निजी ठेकेदार के साथ राजस्व विभाग की टीम कार्य कर रही है। घरों एवं भवनों डिजिटल प्लेट लगाना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। जिससे संपत्ति की संपूर्ण जानकारी एवं टैक्स की स्थिति घर बैठे प्राप्त हो जाएगी। ऑनलाइन टैक्स जमा होने से आम नगरवासियों को समय की बचत होगी। पालिका में भी सुविधा मिलेगी।

# विधायक रोहित साहू की सक्रियता से बदल रही क्षेत्र की तस्वीर: जिपं सभापति

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका।

आज़ादी के बाद जिन विकास कार्यों का जनता को वर्षों से इंतजार था, वे अब विधायक रोहित साहू की सक्रियता से साकार हो रहे हैं। इसे लेकर जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने आभार जताते हुए कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार अंत्योदय के मूलमंत्र और सबका साथ, सबका विकास की दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

- करोड़ों की स्वीकृतियों से ग्रामीण बुनियादी ढांचा हो रहा मजबूत
- भाजपा सरकार के डबल इंजन से तेजी से पहुंच रहा

सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में तेज़ी से मूलभूत सुविधाएं जैसे पक्के मकान, सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सेवाएं पहुँच रही हैं। राजिम





विधानसभा में अब लगातार बड़ी परियोजनाओं को स्वीकृति मिल रही है। विधायक रोहित साहू के प्रयासों से गरियाबंद में 100 बिस्तरों वाले अस्पताल के लिए 18 करोड़, कोटरीनाला जलाशय के लिए 21.29 करोड़, 132 केवी सबस्टेशन के लिए 77 करोड़, राजिम-छुरा मुख्य मार्ग के लिए 148 करोड़, और पिपरछेड़ी जलाशय परियोजना के लिए 85 करोड़ की स्वीकृति मिली है। इन महत्वपूर्ण स्वीकृतियों से क्षेत्र में विकास को नई गति मिली है। सभापति ने इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विधायक रोहित साहू सहित पूरी भाजपा सरकार का आभार व्यक्त किया।

# जिला खोखो प्रतियोगिता में अभनपुर ने बाजी मारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

जियोदया नगर स्कूल खेल मैदान गातापार अभनपुर मे को जिला स्तरीय शालेय खो-खो प्रतियोगिता 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग, बालक,बालिका का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रायपुर जिले के चारों विकासखंड तिल्दा, आरंग, धरसीवां और अभनपुर के लगभग 288 खिलाड़ी एवं 50 कोच मैनेजर शामिल हुए। तीन अलग-अलग खो-खो मैदान पर खेल मुकाबले संपन्न हुए। खिलाडिय़ों को खेल अनुशासन की शपथ दिलाई गई और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू ने खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा खेल जीवन में अनुशासन, मेहनत और टीम स्पिरिट सिखाता है। बच्चों का खेलों में बढ़-चढक़र भाग लेना हमारे लिए गर्व की बात है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम उन्हें उचित प्रशिक्षण और बेहतर अवसर उपलब्ध कराएँ। भविष्य में अभनपुर और रायपुर जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकें, यही हमारी कामना है। खेल अधिकारी डॉ. विजय रत्नाकर ने जानकारी देते बताया कि ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब अभनपुर विकासखंड के नाम रहा। चयनित खिलाड़ी रायपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। बालक वर्ग के खिलाड़ी 15 सितंबर को धरसीवां (नरदहा) में तथा बालिका वर्ग के खिलाड़ी 17 सितंबर को सरायपाली (कुटेला) में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी धनेश्वरी साहू, जिला सरपंच संघ अध्यक्ष मुकेश ढीढी,सरपंच बसंत कोसरे, वरिष्ठ खेल अधिकारी बीआरसाहू, केसी मिश्रा, आर.एल. तारक, फादर संतोष बारा, फादर बसील कुजूर, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी पोमन लाल तारक, खेल अधिकारी रितेश चंद्राकर, रघुनाथ यदु, लुकेश नामदेव, जेवियर दत्ता, धरम नेताम, लोकुराम धीवर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।





## जिला पंचायत सभापति लेखराज ध्रुवा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने किया बुके

# कोटरी जलाशय की स्वीकृति पर किसानों ने विधायक साहू का जताया आभार

**मुड़ागांव(कोरासी)।** कोटरी जलाशय परियोजना को हाल ही में मिली बहुप्रतीक्षित स्वीकृति के बाद छुरा क्षेत्र के किसानों में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर जिला पंचायत गरियाबंद के सभापति श्री लेखराज ध्रुवा के नेतृत्व में एक युवा किसान प्रतिनिधिमंडल राजिम विधायक श्री रोहित साहू के निवास पहुंचा और पुष्पगुच्छ भेंट कर आभार जताया। किसानों ने कहा कि यह योजना छुरा क्षेत्र के हजारों किसानों के लिए जीवनदायिनी साबित होगी। वर्षों से जल संकट झेल रहे ग्रामीण अंचल को अब सिंचाई सुविधा मिलने से राहत मिलेगी, जिससे खेती का रकबा और उत्पादन दोनों में वृद्धि होगी।

- सिंचाई सुविधा से बदलेगा छुरा का भविष्य, किसानों में उत्साह की लहर

प्रतिनिधिमंडल में शामिल किसानों ने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। इस मौके पर श्री लेखराज ध्रुवा ने विधायक रोहित साहू की सक्रिय भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि यह स्वीकृति किसानों के उज्जवल भविष्य की नींव है। अब छुरा का किसान आत्मनिर्भर और समृद्ध बनेगा। वहीं विधायक रोहित साहू ने कहा कि जलाशय की स्वीकृति के बाद अब शीघ्र कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। किसानों की खुशहाली और कृषि विकास ही मेरी प्राथमिकता है।



**सिंचाई सुविधा से होगा क्षेत्रीय कृषि में बड़ा बदलाव :** कोटरी जलाशय परियोजना से छुरा क्षेत्र के हजारों एकड़ भूमि को सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। इससे फसल उत्पादन में इजाफा होगा और सूखा प्रभावित क्षेत्र की छवि बदलने की उम्मीद है। अब किसान परंपरागत फसलों के अलावा नकदी फसलों की ओर भी रुख कर सकेंगे, जिससे आमदनी बढ़ेगी।

### किसानों का प्रतिनिधिमंडल रहा सक्रिय और संगठित

इस प्रतिनिधिमंडल में खोमन ध्रुवा, योगेश यादव, प्रमेश नागेश, उमेश सोरी, मुकेश नेताम, वासुदेव ठाकुर, जागृत सोरी, फनेश यादव, तेजकुमार यादव, निशांत ध्रुवा, अभय विश्वकर्मा, रूपेश जगत, सागर सहित कई ग्रामों से किसान शामिल हुए। यह सहभागिता बताती है कि क्षेत्र के किसान अब योजनाओं के प्रति जागरूक और संगठित हो रहे हैं।

